नवंबर में मेट्रो-3 के पहले फेज के पूरे रूट पर ट्रायल रन

■ **वसं, मुंबई :** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड ग्राउंड मेट्रो के पहले फेज के पूरे रूट पर अगले महीने से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होगा। मौजूदा समय में आरे से विद्यानगरी स्टेशन के बीच मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। पहले फेज के पूरे रूट पर मेट्रो दौड़ने के लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) अब तक केवल एक स्टेशन पीछे थी। एमएमआरसी ने अब बीकेसी तक मेट्रो दौड़ाने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है।

अगले साल से यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी मेट्रो

एमएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आरे से बीकेसी के बीच ट्रायल रन की तैयारी करीब पूरी हो गई है। अगले 10 से 15 दिनों में पहले फेज के पूरे रूट पर मेट्रो दौड़ने लगेगी। एमएमआरसी ने वर्ष के अंत तक आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा आम यात्रियों के लिए शुरू करने की घोषणा की थी। नवंबर में पूरे रूट पर ट्रायल रन शुरू होने और सेवा शुरू करने से पहले अनिवार्य रेलवे सेफ्टी बोर्ड समेत अन्य एजेंसियों का सर्टिफिकेट प्राप्त करने में करीब दो से तीन महीने का और समय लग सकता है। नतीजतन दिसंबर में आम यात्रियों के लिए खुलने वाले मेट्रो के द्वार अब 2024 के फरवरी या मार्च तक खुलने की उम्मीद है।

कोलाबा-बांद्रा सीप्ज के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। प्रॉजेक्ट का काम लगभग 85 प्रतिशत तक हो चुका है। आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो लाइन करीब 95 फीसदी तैयार हो चुकी है। मेट्रो की 8 रेक मुंबई पहुंच गई है और अंतिम चरण की फिनिशिंग का काम जारी है।